राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/News Letter/2021/Spl./25; दिनांक : 24 May 2021

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय : **"आकाशि" न्यूज लैटर** के **त्रैमासिक अंक मार्च–मई 2021** में महाविद्यालयों से संबंधित विशिष्ट समाचार के प्रकाशन हेतु समाचार एवं फोटोग्राफ भेजने बाबत।

सन्दर्भ : CCE/ISDC/Newsletter/2019/ First Issue दिनांक 31 दिसम्ब्र 2019 के क्रम में।

लेख है कि आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर द्वारा नवम्बर 2019 से कॉलेज शिक्षा विभाग का त्रैमासिक न्यूज लैटर "आकाशि" प्रकाशित किया जा रहा है। इस न्यूज लैटर के कई अंक प्रकाशित किये जा चुके हैं।

अभी माह "अप्रैल–जून 2021" के "आकाशि" न्यूज लैटर अंक के प्रकाशन का कार्य प्रक्रियाधीन है। अतः सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय द्वारा इस सत्र में आयोजित किसी अतिविशिष्ट/गौरवमयी गतिविधि, महाविद्यालय की अतिविशिष्ट/गौरवमयी उपलब्धि, जिसे प्रेरणापरक रूप में अन्य महाविद्यालयों एवं आमजन तक साझा किया जाना उचित हो, का एक हिन्दी में संक्षिप्त नोट (आधा पृष्ठ अधिकतम; DevLys 010 हिन्दी फॉन्ट में, फॉन्ट साइज 13 रखें), तथा इस आयोजन से संबंधित अधिकतम दो स्पष्ट फोटोग्राफ्स, **दिनांक 30 मई 2021 तक** आवश्यक रूप से "आकाशि" न्यूज लैटर की ई–मेल **newsletter.cceraj@gmail.com** पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही, ई–मेल में अपनी सूचना भेजते समय किसी अधिकारी/कार्मिक का नाम, पद, मोबाइल नम्बर अवश्य लिख कर भेजें, ताकि इस संबंध में किसी अतिरिक्त जानकारी अथवा संवाद के लिये सम्पर्क किया जा सके।

24/05/2021
संदेश नायक, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांकः CCE/ISDC/News Letter/2021/Spl./25; दिनांक : 24 May 2021
सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
4. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
5. समस्त प्रभारी अधिकारीगण, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
6. डा. ललिता यादव/डा. शिवांगना शर्मा, सह आचार्य, नवाचार एवं कौशल विकास, आकाशि को समन्वय करने हेतु।
7. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

24/5/2021
डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ
प्रभारी, "आकाशि", न्यूजलैटर